बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

मेसर्स रोहित जयसवाल (निबंधन संख्या–2200847 श्रेणी–द्वितीय) जनकपुर रोड नं0–06 नियर सेन्ट्रल बैंक, पुपरी, सीतामढ़ी, द्वारा काली सूची में दर्ज होने के विरूद्ध दायर अपील अभ्यावेदन (दिनांक 07.02.2024) के सापेक्ष सुनवाई के सम्बन्ध में:–

09/04/2024

आदेश

संवेदक मेसर्स रोहित जयसवाल (निबंधन संख्या–2200847 श्रेणी–द्वितीय) जनकपुर रोड नं0–06 नियर सेन्ट्रल बैंक, पुपरी, सीतामढ़ी एवं कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, दरभंगा–02 उपस्थित।

प्रस्तुत मामले का संक्षिप्त इतिहास यह है कि कार्य प्रमंडल, दरभंगा–02 के अधीन NMP (MR) 3054 अन्तर्गत ग्रप संख्या– MR-N/19-20 (1) REO Road to Maheshajan (2) Madhopatti to Sundarpur (3) NH 105 to Dalwa (4) PWD Road to Ketuka to Kharaj Tola तक पथ का निर्माण कार्य **(एकरारनामा संख्या 61/MBD/2020-21 अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 01.11.2021 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 31.10.2022)** ससमय नहीं किये जाने के कारण कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, दरभंगा–02 के ज्ञापांक 54 दिनांक 10.01.2023 द्वारा एकरारनामा विखंडित करते हुए इन्हें काली सूची में सम्मिलित किये जाने हेतु अनुशंसा विभाग को समर्पित किया गया। तद्‌दालोक में विभागीय समीक्षोपरान्त विभागीय सकारण आदेश 1375 दिनांक 27.02.2023 द्वारा संवेदक मेसर्स रोहित जयसवाल (निबंधन संख्या–2200847 श्रेणी–द्वितीय) को अगले 10 (दस) वर्षो के लिए कालीकृत **(Blacklist)** किया गया।

संवेदक का पक्षः– संदर्भित पथ का कार्य कोराना जैसे महामारी के कारण सामग्री की अनुपलब्धता तथा उपर्युक्त पथ में बी0टी0 के स्थान पर पी0सी0सी0 की मॉग होने के कारण पथ का निर्माण कार्य ससमय पूर्ण नहीं कराया जा सका। वर्त्तमान समय में पथों का कार्य किये गये एकरारनामा के अनुसार विशिष्टियों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जा चुका है। साक्ष्य स्वरूप कार्य पूर्णता प्रमाण–पत्र की प्रति तथा विशिष्टियों के अनुरूप किये गये कार्य से संबंधित फोटोग्राफ की प्रति संलग्न की गयी है।

उक्त वाद की सुनवाई उभ्य पक्षों की उपस्थिति में की गयी। जिसमें कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, दरभंगा–02 द्वारा (पत्रांक 620 दिनांक 03.04.2024) द्वारा उपस्थित होकर अपने प्रतिवेदन के माध्यम से बताया गया कि संदर्भित सभी पथों का निर्माण कार्य संवेदक द्वारा वास्तविक रूप से दिनांक 10.01.2024 तक गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किया जा चुका है।

अतएव वर्णित तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर विभागीय सकारण आदेश 1375 दिनांक 27.02.2023 द्वारा संवेदक मेसर्स रोहित जयसवाल (निबंधन संख्या–2200847 श्रेणी–द्वितीय) को अगले 10 (दस) वर्षो के लिए कालीकृत किये गये आदेश को निरस्त **(Set aside)** करते हुए वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है।

तदनुसार वाद निष्पादित।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव

21

अभियंता प्रमुख का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–01–04/2024 1991 /पटना, दिनांक 18/04/24

निबंधित

प्रतिलिपिः– संवेदक मेसर्स रोहित जायसवाल (निबंधन संख्या–2200847 श्रेणी–द्वितीय) जनकपुर रोड नं0–06 नियर सेन्ट्रल बैंक, पुपरी, सीतामढ़ी को सूचनार्थ प्रेषित।

18/04/2024

(भगवत राम)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–01–04/2024 1991 /पटना, दिनांक– 18/04/24

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/ सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधान विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/04/2024

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–01–04/2024 1991 /पटना, दिनांक– 18/04/24

प्रतिलिपि– सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/04/2024

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–01–04/2024 1991 /पटना, दिनांक– 18/04/24

प्रतिलिपि– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

18/04/2024

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–01–43/2023 1991 /पटना, दिनांक– 18/04/24

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/04/2024

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

(8)